>

Title: Need to run a train with adequate number of coaches between Merta Road Railway Station and Merta city in Rajasthan.

श्री गोपाल सिंह शेखावत (राजसमंद) : मेरे संसदीय क्षेत्र राजसमंद (राजस्थान) के अंतर्गत उत्तर पश्चिमी रेलवे के जोधपुर डिवीजन के अंतर्गत मेड़ता रोड़ जंक्शन से मेड़ता सिटी के बीच एक रेलवे लाईन पर ब्राडगेज से पहले कई डिब्बों की रेलगाड़ी चला करती थी लेकिन ब्राडगेज बनने के बाद वर्षों से इस लाईन पर रेल बस चलाई जा रही है जिसमें 72 सवारियों की बैठनें की ही क्षमता है। मेड़ता सिटी एक बहुत बड़ा शहर है जिसके लिए ही पहले मेड़ता रोड़ स्टेशन बनाया गया था। वर्तमान में मेड़ता रोड़ स्टेशन पर जोधपुर-जयपुर और बीकानेर से आने वाली गाड़ियों का तांता लगा रहता है जिससे हजारों यात्री आते हैं लेकिन एक रेल बस से मेड़ता सिटी आने वाले यात्रियों को बहुत असुविधा होती है। अतः मेरा आग्रह है कि इस रेलमार्ग पर एक अधिक डिब्बों वाली रेलगाड़ी या डीएमयू चलाने की कृपा करें।